मण्डल/विद्युत कंपनी द्वारा वर्ष 2008–09 में की गई कर्मचारी कल्याणकारी गतिविधियाँ

श्रम कल्याण केन्द्रों का संचालन

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनियों में 8 श्रम कल्याण केन्द्र तथा 3 लघु श्रम कल्याण केन्द्र संचालित है। रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर, अम्बिकापुर, कोरबा पूर्व तथा कोरबा पश्चिम एवं जगदलपुर में पूर्ण श्रम कल्याण केन्द्र तथा खेदामारा (भिलाई), रायगढ़ एवं हसदेव बांगो जल विद्युत गृह परिसर माचाडोली में लघु श्रम कल्याण केन्द्र संचालित है। इन कल्याण केन्द्रों को आवर्ती राशि रूपये 1 लाख 90 हजार (वर्ष 2008–09 हेतु) स्वीकृत की गई है। इन कल्याण केन्द्रों के माध्यम से कर्मचारियों/अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु इण्डोर गेम्स, आउटडोर गेम्स, पुस्तकालय/वाचनालय आदि की व्यवस्था की गई है।

...